## आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

**प्रधानमंत्री इंडोनेशिया सर्वोच्च सम्मान**

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सबसे बड़े सम्मान 'बिन्तांग अदिपुर्ना ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी को अब तक 25 से अधिक देश अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से नवाज चुके हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय बैठक की, जिसमें ऊर्जा, व्यापार, समुद्री सहयोग और रक्षा क्षेत्र में साझेदारी को नई गति देने पर चर्चा हुई। बैठक में महत्वपूर्ण खनिजों, खाद्य सुरक्षा और डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की यूपीआई के इंडोनेशियाके पेमेंट सिस्टम के साथ इंटीग्रेट होने जा रही है ।

**राष्ट्रपति- डूरंड कप टूर्नामेंट**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में 2026 डूरंड कप टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण कर उन्हें हरी झंडी दिखाई। राष्ट्रपति ने इस वर्ष टूर्नामेंट में श्रीलंकाई टीम की भागीदारी पर खुशी व्यक्त की और सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना का पालन करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर रक्षा प्रमुख जनरल एनएस राजा सुब्रमणि सहित सेना और नौसेना प्रमुख भी उपस्थित थे।

**सीएम कैप्टन बत्रा श्रद्धांजलि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैप्टन बत्रा कारगिल युद्ध में शत्रुओं पर काल की भांति टूट पड़े और मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि उनका शौर्य सदैव राष्ट्रसेवा की ऊर्जा प्रदान करता रहेगा।

**कृषि विभाग की किसानों को सलाह**

कृषि विभाग ने किसानों को खरीफ फसलों की बुआई में जल्दबाजी न करने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि जब तक खेतों में करीब चार इंच यानी एक बालिश्त की गहराई तक पर्याप्त नमी न हो जाए, तब तक बुआई करना जोखिम भरा हो सकता है। जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है, वे मृदा की उर्वरता बढ़ाने के लिए ढैंचा या सनई की बुआई हरित खाद के रूप में कर सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों को सोयाबीन बीज का अंकुरण परीक्षण करने और 70 प्रतिशत से अधिक अंकुरण क्षमता वाले बीजों का ही उपयोग करने की सलाह दी है। इसके अलावा वर्षा जल संचय के लिए खेत तालाब, पोखर और सोक्ता पिट जैसे उपाय अपनाने तथा फसल बीमा कराने की भी अपील की गई है।

**पुलिस नशा कामयाबी**

प्रदेश पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मऊगंज जिले के बिझौली गांव में एक किराए के मकान में चल रही अवैध सिंथेटिक ड्रग निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया है। विंध्य क्षेत्र में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार-2' के तहत हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लगभग 1 करोड़ 28 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ, रसायन, उपकरण और वाहन जब्त किया है। प्रारंभिक जांच में इस नेटवर्क के तार मुंबई, नागपुर और महाराष्ट्र के अन्य शहरों तक जुड़े होने का खुलासा हुआ है।

**स्पेशल ट्रेन अशोकनगर के लिए**

अशोकनगर में गुरु पूर्णिमा पर्व पर तीर्थ यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने दिल्ली सराय रोहिल्ला और अशोकनगर के बीच एक ट्रिप विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 26 जुलाई को दिल्ली से रवाना होकर 27 जुलाई को अशोकनगर पहुंचेगी, जबकि वापसी में 30 जुलाई को अशोकनगर से चलकर 31 जुलाई को दिल्ली पहुंचेगी। ट्रेन फरीदाबाद, मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर और झांसी सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच लगाए जाएंगे।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय है और लगातार हो रही बारिश ने वर्षा का आंकड़ा सामान्य के करीब पहुंचा गया है। प्रदेश में अब तक करीब सात इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो सामान्य वर्षा से केवल एक प्रतिशत कम है। मौसम विभाग ने आज गुना, अशोकनगर, विदिशा, सागर और छतरपुर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि प्रदेश के 26 अन्य जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है।

अब कुछ **संक्षिप्त समाचार** :–

- जबलपुर के निदान वॉटरफॉल में अचानक पानी बढ़ने से फंसे दो पर्यटकों को प्रशासन ने रस्सियों की मदद से सुरक्षित निकाला।
- शिवपुरी में स्टेट बैंक 'आरसेटी' द्वारा ग्रामीण युवाओं के लिए सीसीटीवी और सिक्योरिटी सिस्टम इंस्टॉलेशन का 13 दिवसीय निशुल्क आवासीय ट्रेनिंग कैंप 9 जुलाई से शुरू होगा।
- नर्मदापुरम के इटारसी स्थित तवा नदी पुल की मरम्मत के चलते 16 जुलाई तक भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है।
- मैहर नेशनल हाईवे-30 पर रिगरा गांव के पास तेज रफ्तार कार और ट्रक की टक्कर में 5 लोगों की मौत।
- भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 मैचों की श्रृंखला का तीसरा मुकाबला आज रात नॉटिंघम में भारतीय समयानुसार रात 10 बजे शुरू होगा।

..............................